तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 119 उपार्जन केन्द्रों में अभी भी खुले आसमान के नीचे 5 लाख 75 हजार क्विंटल ....



## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक व महिला पर जानलेवा हमला

**अंबिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर टांगी से हमला करने व मां से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मलगवा निवासी रोहित यादव 26 मार्च को सामान लेने के लिए दुकान की ओर गया था। युवक जब घर वापस लौट रहा था तो रास्ते में भंजन यादव ने उसे रोक लिया और भाई को जेल भेजने और होली की ख़ुशी मानाने को लेकर रंजिशवश गाली गलौज करते हुए टांगी से हमला कर दिया। इस दौरान शोर शराबा सुनकर जब युवक की मां बीच बचाव करने पहुंची तो भोला यादव ने उसे पकड़ लिया और बासो यादव ने उसके साथ भी मारपीट की। इस घटना में युवक को गंभीर चोट आई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा 294, 506, 323, 307, 34 के तहत मारपीट व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच उपरान्त मलगवा निवासी 27 वर्षीय भंजन यादव, 33 वर्षीय भोला यादव व 50 वर्षीय बासो बाई को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त टांगी, डंडा बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, महिला आरक्षक शांति लकड़ा, आरक्षक उपेंद्र सिंह रमन मण्डल शामिल रहे।

### घर से निकला किशोर नहीं लौटा वापस

**अम्बिकापुर।** परिजन को बिना बताए घर से निकला किशोर वापस नहीं लौटा। परिजन ने अज्ञात लोगों द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात के विरूद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लालमाटी पटेलपारा निवासी 14 वर्षीय किशोर कक्षा 9वीं में पढ़ाई करता है। गत दिन परिजन को बिना बताए ही घर से निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। किशोर के रात में भी घर नही आने पर परिजन ने गांव सहित रिश्तेदार के यहां किशोर की खोजबीन की परंतु कहीं पता नहीं चला। परिजन ने अज्ञात लोगों द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** शंकरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक से नशीली दवाओं को लेकर शंकरगढ़ की ओर जा रहे है। सूचना पर एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर निमेश बरैइया व एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चिरई घाट मुख्य मार्ग पर बाइक क्रमांक जेएच 03 एफ 2441 के संदेहियों को रोककर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवकों के पास से 197 नग नशीली कफ सिरप बरामद किया गया जिसकी कीमत 26 हजार 693 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में शंकरगढ़ थाना अंतर्गत चलगली निवासी 38 वर्षीय परवेज आलम आ. कमरुद्दीन अंसारी व 28 वर्षीय शोभनाथ पैकरा आ. कुलमा राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने ग्राम शाहपुर चांदो निवासी 35 वर्षीय गुड्डु खान आ. युसुफ खान उम्र 35 साल से खरीदी करने की बात कबूल की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी गुड्डु खान के घर दबिश देकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 75 नग अवैध नशीली कफ सिरप, 84 नग नशीली इंजेक्शन और 84 नग एविल इंजेक्शन बरामद किया गया कीमती करीब 20 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी, एसआई गजपति मिर्रे, रफैल तिर्की, रोशन लकडा आदि सक्रिय रहे।

# महा अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, दर्शन करने लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- हवन पूजन के बाद कराए गए कन्या भोज
- श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए

मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के महा अष्ठमी पर देवी मंदिरो में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों ने कतार में लगकर माता के दर्शन किए। इसके साथ ही विधि विधान से हवन पूजन किया गया। चैत्र नवरात्र के अवसर पर शक्तिपीठों के साथ ही घरों में भक्तों द्वारा कन्या भोज व भंडारा का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्र के अवसर पर पहले दिन से ही प्रतिदिन शक्तिपीठों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। प्रतिदिन भक्त माता के दर्शन करने के साथ ही उपवास रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे थे। आज महा अष्टमी के मौके पर सुबह से मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सुबह से ही नगर के महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, गायत्री मंदिर, वन देवी मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में भक्त पहुंचने शुरू हो गए थे। लोगों ने कतार में लग कर माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। अष्टमी के मौके पर महागौरी की पूजा अर्चना करने के साथ ही भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। महा अष्टमी के मौके पर भक्तों ने मंदिरों के साथ ही घरों में भी विधान से पूजा अर्चना की। भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़ी इंतजाम किए गए थे। मंदिरों में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष जवानों को तैनात किया गया था। मंदीर में माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इसके साथ ही महा अष्टमी के मौके पर जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।



महा अष्टमी पर महमाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

### अत्यधिक जलने पर मरीजों को करना पड़ता है रिफर

# मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद भी अब तक नहीं मिला सर्व सुविधायुक्त बर्न वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- खलती है प्लास्टिक सर्जन की कमी, नया बर्न वार्ड अब तक नहीं हुआ हैंडओवर

सरगुजा संभाग मुख्यालय में सर्व सुविधायुक्त बर्न वार्ड की कमी खल रही है। प्लास्टिक सर्जन व विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही सुविधाओं की कमी के कारण अस्पताल में मामूली जले हुए मरीजों का उपचार तो हो जा रहा है लेकिन अत्यधिक जले हुए मरीजों को रायपुर, बिलासपुर रिफर करना पड़ता है। ऐसे में जलने से गंभीर मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवीन भवन में शिफ्ट होने पर सेटअप के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होने की बात कही जा रही है लेकिन फिलहाल इस सुविधा के लिए लोगों को लंबा इन्तजार करना पड़ेगा।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्तपाल की स्थापना हुए लम्बा समय बीत चुका है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद सरगुजा की स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही उपकरणों व अन्य संसाधनों में भी विगत पांच वर्षों में वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बर्न वार्ड सुविधाओं से अछूता है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न वार्ड में कुछ परिवर्तन तो हुए और वार्ड को मरम्मत कर बेहतर बनाया गया लेकिन अभी भी अस्पताल के बर्न विभाग की स्थापना नहीं हो पाई है। सर्व सुविधा युक्त बर्न वार्ड नहीं होने के कारण ज्यादातर गंभीर मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गंभीर मरीजों को अस्पताल में आने पर सही ढंग से उपचार नहीं मिल पाता है और उन्हें मजबूरन रायपुर, बिलासपुर शिफ्ट करना पड़ता है ऐसे में जलने से गंभीर मरीज को खासी तकलीफों का सामना तो करना ही पड़ता है आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की जेब पर इसका असर पड़ता है।



मेडिकल कॉजेल अस्पताल का बर्न वार्ड।

**नया बर्न वार्ड अब तक नहीं हुआ चालू**

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में जो बर्न वार्ड था उसे कोरोना काल में टू नॉट लैब के रूप में तब्दील कर दिया गया था और बर्न वार्ड को दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। कोरोना काल समाप्त होने के बाद एक बार फिर से बर्न वार्ड के निर्माण का कार्य चल रहा है। बर्न वार्ड का निर्माण सीजीएमएससी द्वारा किया जा रहा है लेकिन अब तक बर्न वार्ड बनकर तैयार नहीं हो पाया है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बर्न वार्ड बनकर तैयार हो गया है और जल्द ही विभाग को हैंडओवर हो जाएगा। वहीं मेडिकल कॉलेज के हिसाब से बर्न वार्ड का निर्माण मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन निर्माण के बाद होगा जिसमे सेटअप के अनुरूप सभी सुविधाएं मौजूद होंगी लेकिन इस सुविधा के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

**सर्जन के भरोसे व्यवस्था**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में फिलहाल बर्न वार्ड की व्यवस्था सर्जन के भरोसे है। अस्पताल में वर्ष भर में 45 से 50 केस आते है। इनमें ऐसे मरीज कम ही होते है जिनके जलने का प्रतिशत अधिक होता है। ऐसे में इन मरीजों का उपचार सर्जन द्वारा ही किया जाता है। बर्न वार्ड के लिए सबसे जरूरी सुविधा आइसोलेशन के साथ ही एसी है। आइसोलेशन के लिए सभी मरीजों के बेड के बीच पार्टीशन होना चाहिए ताकि उन्हें संक्रमण के खतरे से बचाया जा सके। वर्तमान में अस्पताल में एसी व सेन्ट्रल ऑक्सीजन की व्यवस्था तो है लेकिन मरीज के लिए अलग से चेंबर वाला बेड मौजूद नहीं है। वहीं अस्पताल में प्लास्टिक सर्जन की पोस्टिंग अब तक नहीं हो पाई है। बर्न के मरीजों के लिए एमएस सर्जरी के बाद एमसीएच में सुपर स्पेशलाइजेशन जरूरी है और ऐसे चिकित्सक अब तक अस्पताल में उपलब्ध नहीं हो पाए है।

**जरूरी सुविधाएं उपलब्ध**

बर्न वार्ड में एसी, आइसोलेशन, सेन्ट्रल ऑक्सीजन जरूरी है और ये सभी सुविधाएं उपलब्ध है। नया बर्न वार्ड भी बनकर तैयार है और जल्द ही सीजीएमएससी द्वारा वार्ड को अस्पताल प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया जाएगा। प्लास्टिक सर्जन की व्यवस्था नहीं हो पाई है लेकिन अस्पताल के सर्जन मरीजों का उपचार करते है और हमारे यहां ज्यादातर कम जले हुए मरीज ही आते है। मेडिकल कॉलेज का अस्पताल बनने के बाद सेटअप के अनुरूप सभी सुविधाएं मरीजों को मिलेगी।

-डॉ. आरसी आर्या
अधीक्षक

# इस बार लोकसभा में लखपति बनाम करोड़पति के बीच मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन दाखिले के बाद प्रत्याशियों के सम्पत्ति की जानकारी भी सार्वजनिक हो गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज की बात की जाए तो उनकी सम्पत्ति पांच वर्षों में करीब दो गुनी हो गई है जबकि दस वर्षों में संपत्ति में 11 गुना की वृद्धि हुई है। चिंतामणी महराज की कुल संपत्ति 4 करोड़ 12 लाख 38 हजार रुपए है जबकि कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह की सम्पत्ति महज 38.63 लाख ही है ऐसे में इस बार चुनावी मैदान में लखपति बनाम करोड़पति के बीच मुकाबला है। बता दें कि सरगुजा लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने सोमवार व मंलगवार को कुल दो सेट नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है जबकि 19 अप्रैल को सीएम की मौजूदगी में शक्तिप्रदर्शन के साथ नामांकन की औपचारिकता पूर्ण की जाएगी। इस बीच चिंतामणी महाराज द्वारा अपनी चल अचल सम्पत्ति का ब्यौरा भी दिया गया है और इसमें विगत पांच वर्षों में दो गुना की वृद्धि हुई है। बता दें कि चिंतामणी महाराज ने वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी कुल सम्पत्ति 2 करोड़ 34 लाख रुपए बताई थी जबकि वर्ष 2024 में उन्होंने सांसद प्रत्याशी के रूप में शपथ पत्र के साथ स्वयं एवं परिवार के चल अचल सम्पत्ति की जानकारी दी है जिसका बाजार मूल्य उन्होंने 4 करोड़ 12 लाख 38 हजार रुपए से अधिक बताया है। चिंतामणि महाराज ने वर्ष 2024 में अपनी स्वयं की नगदी, बैंक जमा, निवेश, वाहन व जेवर को मिलाकर चल संपत्ति 73 लाख 28 हजार 111 रुपए बताई है।



## शशि के पास 38.63 लाख की संपत्ति

इधर सरगुजा लोकसभा से कांग्रेस की सांसद प्रत्याशी शशि सिंह ने अपनी चल अचल सम्पत्ति की घोषणा की है। कांग्रेस प्रत्याशी लखपति है और उनके नाम पर कुल 38 लाख 63 हजार रुपए की संपत्ति है। दिए गए शपथ पत्र के अनुसार शशि सिंह के हाथ में नगदी, जेवर सहित पिता द्वारा अर्जित संपत्ति एवं पुश्तैनी संपत्ति में मिलने वाली हिस्सेदारी शामिल है। शशि सिंह के नाम पर वाहन लोन 8 लाख 94 हजार रुपए है। पिछले पांच सालों में शशि सिंह ने आयकर रिटर्न भी नहीं भरा है। शपथ पत्र के अनुसार शशि सिंह के हाथ में नगदी 1 लाख 27 हजार 330 रुपए, बैंक खातों में कुल 26 हजार 936 रुपए जमा हैं। शशि सिंह के पास 16 ग्राम सोना है जिसका बाजार मूल्य 1 लाख रुपए है। वहीं उनके पास एक टाटा सफारी एसयूव्ही है, जिसकी कीमत 17.11 लाख रुपए है। शशि सिंह के पास निजी अचल संपत्ति नहीं है। अचल संपत्ति पिता एवं पैतृक संपत्ति है जो संयुक्त खाते में है। संयुक्त खाते में गृहग्राम शिवपुर व बड़े साल्ही में कृषि भूमि है, जिसका बाजार मूल्य 13 लाख 33 जार 585 बताया गया है। इसमें शशि सिंह का पांचवा हिस्सा है जिसकी कीमत 2 लाख 66 हजार रुपए है। इसके अलावे शशि सिंह के संयुक्त खाते में ही शंकरनगर रायपुर में एक मकान एवं दो प्लाट हैं जिसका वर्तमान बाजार भाव 80 लाख रुपए बताया गया है।



## पेट्रोल पंप संचालक से मारपीट मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पेट्रोल पंप में घुसकर संचालक से मारपीट कर हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुंडला सिटी निवासी श्रीनिवास अग्रवाल के खरसिया नाका स्थित विशाल पेट्रोल पंप में 17 मई 22 की दोपहर सद्दाम अली अपने साथियों के साथ घुस आया था और पेट्रोल पंप संचालक के पुत्र दिनेश अग्रवाल व मुकेश अग्रवाल पर रॉड व डंडे से जानलेवा हमला करने के बाद फरार हो गया। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 452, 294, 307, 34 के तहत मोमिनपुरा निवासी निस्बाहुल इस्लाम, खरसिया नाका रिंग रोड निवासी नौशाद आलम को गिरफ्तार किया था जबकि सद्दाम अली फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस व साइबर सेल की टीम ने तकनीकी जानकारी के आधार पर घेराबंदी कर फरार चल रहे मोमिनपुरा निवासी 32 वर्षीय सद्दाम अली को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, एसआई अखिलेश सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, सत्येंद्र दुबे, मनीष सिंह शामिल रहे।



## पत्नी से विवाद के बाद अलग रह रहे युवक का साले ने किया अपहरण

- जबरन ससुराल में बनाया बंधक, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पत्नी से विवाद के बाद अलग रह रहे युवक को साला जबरन अपहरण कर अपने साथ ससुराल ले गया। आरोपियों द्वारा युवक को ससुराल में कैद करके रखा गया था। इस मामले में जांच उपरान्त पुलिस ने युवक को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाने के साथ ही आरोपी साला को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलतः प्रतापपुर खड़गवां निवासी कौशल गोस्वामी आ. कृष्ण प्रसाद गोस्वामी गांधीनगर में किराए के मकान में रहता था। युवक 15 मार्च को किराए के रूम से बिना बताए कहीं चला गया था ऐसे में पिता ने युवक के अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के दौरान तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को बिहार के औरंगाबाद मदनपुर रवाना किया गया था। इस दौरान कौशल गोस्वामी को विश्वजीत कुमार गोस्वामी के कब्जे से बरामद किया गया। थाना प्रभारी अश्विनी सिंह के अनुसार जांच के दौरान जो बात सामने आई है उसके अनुसार युवक कौशल गोस्वामी का विवाह औरंगाबाद के मदनपुर में हुआ था लेकिन शादी के बाद पति पत्नी अलग रहने लगे थे। ऐसे में जबरन साला विश्वजीत गोस्वामी ने ससुर व अन्य व्यक्तियों की मदद से कौशल गोस्वामी को गांधीनगर स्थित कमरे से जबरन अपहरण कर स्कार्पियो में बैठाकर मदनपुर ले गए था और बंधक बनाकर रखा था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी औरंगाबाद आजम मदनपुर निवासी विश्वजीत कुमार गोस्वामी को धारा 365, 34 के तहत गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



### 3 प्रत्याशियों ने लिए नामांकन फॉर्म, भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया दूसरा सेट

# तीसरे दिन 4 प्रत्याशियों ने जमा किए 5 नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही क्रय करने का सिलसिला जारी रहा। आज 4 प्रत्याशियों ने 5 नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं 3 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र क्रय किए हैं। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने आज महाअष्टमी के अवसर अपने नामांकन पत्र का दूसरा सेट जमा किया जबकि कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह की ओर से भी शुभ मुहूर्त में ए व बी फार्म जमा किए गए। हालांकि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर शासकीय अवकाश रहेगा इस लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया नहीं होगी। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा संसदीय सीट के लिए अधिसूचना प्रकाशन के बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया जारी है। नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत दूसरे दिन कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने शक्तिप्रदर्शन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था जबकि आज उनकी ओर से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता व आशीष वर्मा द्वारा फार्म ए और फार्म बी जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा किया गया। जबकि भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने भी अपना एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया है। चिंतामणी महाराज ने भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक कमलभान सिंह, सहसंयोजक अखिलेश सोनी, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता की उपस्थिति में अपना दूसरा सेट जमा किया। वहीं आज बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार ने 1 सेट नामांकन पत्र, बहुजन समाज पार्टी से प्रकाश किस्पोट्टा ने 1 सेट नामांकन पत्र तथा निर्दलीय प्रिंस अभिषेक कुजूर ने 2 सेट नामांकन पत्र दाखिल किया। इस तरह कुल 4 प्रत्याशियों ने 5 नामांकन पत्र दाखिल किए।



**इन अभ्यर्थियों ने क्रय किए नामांकन पत्र**

नाम निर्देशन के तीसरे दिन कुल 3 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र क्रय किए। जिसमें छत्तीसगढ़िया पार्टी से रामाधार सिंह, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से कांता मिंज एवं अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इण्डिया से सोखन राम ने नामांकन पत्र क्रय किया है। इस तरह अब तक कुल 14 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फॉर्म क्रय किए गए हैं। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अवकाश के दिनों में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। 17 अप्रैल बुधवार को रामनवमी के अवसर पर अवकाश होने के कारण नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। अवकाश के दिनों को छोड़कर अन्य दिनों में अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पांच मवेशियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मवेशियों की तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनसे 5 रास मवेशी बरामद किया है। दरिमा पुलिस के अनुसार ग्राम खजुरी निवासी कलेश्वर साहू ने 15 अप्रैल को पुलिस को सूचना दी थी कि कुछ लोग मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाना लेकर जा रहे है। सूचना पर पुलिस द्वारा ग्राम खजुरी बरीडांड में घेराबंदी कर रायगढ़ के कापू समनिया निवासी 60 वर्षीय चैतराम व 21 वर्षीय नंदकिशोर रात्रे को हिरासत में लेकर 5 रास मवेशी बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाना ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को छत्तीसगढ़ क्रृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6,10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 11(घ) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना दरिमा से प्रधान आरक्षक सोहरईया टोप्पो, राजेंद्र तिर्की, रामचंद्र कुजूर, मनीजर राम, आरक्षक सुरेश कुमार शामिल रहे।



खबर संक्षेप

## नशीले इंजेक्शन के साथ युवक पकड़ाया

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस ने नशीली दवाओं के कारोबार में एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ठनगनपारा निवासी सविलाल जायसवाल अपने घर के पास प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन लेकर ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर युवक हिरासत में लिया गया और उसकी तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 40 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया जिसकी कीमत 16 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी की पहचान सूरजपुर के गजाधरपुर निवासी हाल मुकाम ठनगनपारा के 32 वर्षीय सविलाल जायसवाल के रूप में की गई है। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 41 (ए) सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर नशीला इंजेक्शन व बाइक जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार,एएसआई अभिषेक दुबे, महिला आरक्षक शांति, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह शामिल रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल, अपराध दर्ज



**अम्बिकापुर।** काम के सिलसिले में जा रहे बाइक सवार को चांदनी चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार घुटरापारा पानी टंकी समीप निवासी सूरज कुमार चेरवा आ. स्व. राम सुन्दर चेरवा (22 वर्ष) सोमवार की सुबह किसी काम के सिलसिले में बाइक से थाना चौक की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार चांदनी चौक के समीप पहुंचा तभी क्रासिंग के पास ट्रक क्रमांक सीजी 7 सीपी 4755 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सड़क किनारे गिर गया जबकि बाइक को ट्रक फंस जाने से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### फूल बरसाकर लोगों ने जगह-जगह किया यात्रा का स्वागत

# भस्म होली के साथ निकाली गई श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा



भस्म होली खेलते श्रद्धालु।



चुनरी लेकर रैली मेंशामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

रविवार को दोपहर उदयपुर में हिन्दु युवा सेना और युवा मित्र मंडली के तत्वाधान में श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में नगर सहित विभिन्न गावों के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा के पूर्व नगर को भगवा ध्वज, पताका से सजाया गया था। भारी उत्साह के साथ लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया। नगर के व्यापारी, महिलाएं व युवाओं ने भारी उत्साह के साथ शोभा यात्रा में भागीदारी की। शोभा यात्रा में जबलपुर के सचिन की हनुमान की झांकी तथा अम्बिकापुर के मोनू एवं साथियों का शिव तांडव, अघोरी डांस और भस्म की होली आकर्षण का केन्द्र रही। शोभा यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। झांकी में श्रीराम लक्ष्मण एवं सीता का रूप धरे बच्चों ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। महिलाओं की टोली जय श्रीराम लिख 31 मीटर लंबी चुनरी के साथ यात्रा में शामिल हुईं। शैला नृत्य दलों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। यात्रा के बीच-बीच में अत्याधुनिक तरीके से अबीर गुलाल और पेपर शाट का बौछार किया गया। यात्रा शिव मंदिर से होते हुए जनपद कार्यालय रोड, बस स्टैण्ड, सेन्ट्रल बैंक का भ्रमण करते हुए वापस शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। देर शाम शिव मंदिर के समीप गोल घेरे के बीच अम्बिकापुर के कलाकारों ने शिव तांडव और भस्म होली की प्रस्तुति दी।

**खास बात**

- महिलाओं की टोली जय श्रीराम लिख 31 मीटर लंबी चुनरी के साथ यात्रा में हुई शामिल

## साफा बांधकर विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी ने निकाली भव्य स्कूटी रैली

**रामानुजगंज।** हिंदू नव वर्ष एवं श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में सोमवार को साफा बांधकर विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी ने भव्य बाइक व स्कूटी रैली निकाली। रैली का विशेष आकर्षण दुर्गा वाहिनी की बहने रही जो सर पर पगड़ी बांधकर एवं योद्धा स्वरूप में दुर्गा वाहिनी की बहने तलवार एवं दंड लेकर शामिल हुई। साथ ही शत प्रतिशत मतदान राष्ट्रहित में मतदान हिंदू हित में मतदान के भी नारे लगाए। बजरंग दल द्वारा क्षेत्र को राममय करने हेतु नगर का भगवाकरण किया गया। नगर के प्रमुख चौक चौराहा हो एवं मार्ग में भगवा ध्वज एवं तोरण लगाकर नगर का भगवाकरण किया मुख्य आकर्षण का ध्वज हिंदू राष्ट्र रहा। बजरंग दल द्वारा बच्चों के लिए भी बाल साइकिल रैली का आयोजन 14 अप्रैल को किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। जिला संयोजक जस्सू केसरी ने बताया कि कार्यक्रम में हर वर्ग के लोग शामिल हुए और कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए धर्म की रक्षा सुरक्षा एवं संस्कार के लिए सड़कों पर वीरता का प्रदर्शन कर आज महिला एवं पुरुष ने बता दिया कि अपने धर्म और संस्कृति को बचाने और युवा पीढ़ी में सेवा संस्कार और सुरक्षा का अलख जगाने के लिए बजरंग दल ने यह समस्त आयोजन किया। कार्यक्रम में नयन गुप्ता, आशीष चौबे, सुशील मेहरा, निहाल कश्यप, सूरज कश्यप, आकाश ठाकुर, आशीष सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, पप्पू यादव, सिद्धांत यादव, शुभम गुप्ता, राहुल, जीत सिंह, वतन गुप्ता, हरि नंद ठाकुर, अर्चित कश्यप, विशाल कश्यप, रितेश चौहान, निशांत ठाकुर, आकाश तिवारी, रंजन शर्मा, हर्ष सोनी, हर्ष सिंह राजपूत, आर्यन कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।



### मरहट्ठा से प्रतापपुर तक 35 किमी लंबी शोभायात्रा में शामिल थे सैकड़ों राम भक्त



**सोनगरा।** भगवान राम वनवास के दौरान आए थे,उसी लक्ष्मण पायन से रामभक्तों ने विशाल शोभायात्रा निकाली जो प्रतापपुर में मां समलेश्वरी मंदिर में आकर समाप्त हुई। मरहट्ठा से शुरू हुई 35 किमी शोभायात्रा में बड़ी संख्या राम भक्त शामिल हुए। इस दौरान राम सीता की आकर्षक झांकी निकाली गई। हिंदू संगठनों द्वारा चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के अवसर पर श्रीराम भगवान की शोभायात्रा निकाली जा रही है। पिछले साल से शोभा यात्रा प्रतापपुर में मां समलेश्वरी मंदिर तक आ रही है। इस साल भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसकी शुरुआत लक्ष्मण पायन मरहट्ठा में सामूहिक पूजा के बाद हुई। गाजे बाजे श्रीराम के साथ बाइक व चारपहिया वाहनों के साथ शोभायात्रा मरहठा, दुरती, गोंदा, सत्तीपारा, भैसामुंडा, दवनकरा, सेमरा, पोंडी, सरहरी, करंजवार, खोरमा,प्रतापपुर नगर भ्रमण करते हुए मां समलेश्वरी मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। शोभायात्रा का जगह जगह अभिनंदन हुआ। मार्ग में महिलाओं ने राम लक्ष्मण सीता माता की आरती की ओर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। धार्मिक स्थल दवनकरा में दुर्गा पूजा समिति व अन्य भक्तों के लिए जलपान मिष्ठान की व्यवस्था की गई थी। समलेश्वरी मंदिर प्रांगण में समापन अवसर पर मुख्य वक्ता कोरिया जिले से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्य प्रवक्ता व कोरिया विभाग के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी ने कहा कि हम भारतीय संस्कृति, सनातनी परंपरा को मानने वाले हैं,बैदिक काल से ही चैत्र मास में वर्ष प्रतिपदा प्रारंभ होता है, जिसे हर समाज को समझना चाहिए। योगी ने कहा कि हमे पश्चिमी सभ्यता को छोड़कर भारतीय संस्कृति और परपंरा को अपनाना चाहिए। समलेश्वरी मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा भण्डारे व फल की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा के अध्यक्ष लालसाय सिंह पावले द्वारा सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों,समितियों, महिलाओं व शामिल भक्तगणों सहित क्षेत्रवासियों व पुलिस प्रशासन का सफल आयोजन की सराहना की। इस दौरान पुरन राम राजवाड़े, मुकेश सिंह, तेजबहादुर सिंह, प्यारी राम राजवाड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस बीच शोभायात्रा के दौरान अलग नजारा देखने को मिला जहां सत्तीपारा में सड़क के दोनों ओर बुलडोजर में खड़े होकर झांकी और शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई।



# जसगीतों पर झूमती-नाचती रही श्रद्धालु महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को वसुधा महिला मंच द्वारा दुर्गा मंदिर में देवी जशगीत का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न भजन मंडलियों ने भागीदारी की तथा एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति दी। जसगीतों को सुनने समिति की सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं व अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे। जसगीतों पर उपस्थित लोग घंटों झूमते रहे। वहीं महिलाएं नृत्य करती रही। मंच द्वारा विगत 20 वर्षों से अनवरत जसगीत का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारीज की संचालिका विद्या बहन ने महिलाओं का कौशल विकसित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए श्रीमती सीता भोजवानी को सम्मानित किया। मंच की संरक्षिका डॉ.पुष्पा सोनी ने उपस्थित महिलाओं को मतदान करने की शपथ दिलायी। भजन की शुरूआत वसुधा सदस्यों ने गणेश वंदना और देवी गीत से की जिसके बाद अन्य महिला मंडलियों ने बारी-बारी से अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान महामाया सेवा समिति दर्रीपारा, परशुराम मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, हरिकीर्तन एकल समिति, साईं मंदिर गांधी नगर, शिव मंदिर नमनाकला, शिवशक्ति मंच दुर्गा मंदिर, रामकुटी भजन मंडली, गौरी मंदिर भजन मंडली, शिवमंदिर गोधनपुर, मां सर्वेश्वरी समिति, शिवमंदिर पटपरिया ने देवी जस गीतों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विद्या बहन ने कार्यक्रम की सराहना की तथा महिलाओं को शक्ति स्वरूपा बताया। उन्होंने मंच द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की विजेता रिया तिवारी, रेखा इंगोले, तनुश्री मिश्रा, मुक्ता गुप्ता, संगीता सोनी, नीलिमा मिश्रा, अर्चना सिंह, अनुभा डबराल, रेणु कुमार, मधुमती सिंह, सन्तोष पाण्डेय, जया तिवारी, सरिता भाटिया, नेहा वर्मा को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वन्दना दत्ता ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मंच एवं भजन मंडलियों की सदस्य उपस्थित थीं।

## सुहानी महिला समिति ने जरही चौक, यात्री प्रतीक्षालय एवं भटगांव में खोला सार्वजनिक प्याऊ घर

**सोनगरा।** भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो से प्रेरित होकर भटगांव शाखा की सुहानी महिला समिति की सदस्यों ने जरही चौक और यात्री प्रतीक्षालय एवं भटगांव में सार्वजनिक प्याऊ घर उद्घाटन सुहानी महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती रोजी कुमार और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। जिसमें राहगीरों के लिए गुड़, चना, तरबूज, खीरा, केला, अंगूर और शीतल जल, शरबत, गन्ना रस की व्यवस्था की गई। साथ में पशु पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान श्रीमती पूनम झा, श्रीमती शुभ लक्ष्मी शेट्टी, श्रीमती सोमा बाल, श्रीमती रानी कुमार, श्रीमती अलका हर्ष, श्रीमती वंदना वर्मा, श्रीमती सुनीता धांगर, श्रीमती प्रमिला साहू, श्रीमती रेखा अमर, श्रीमती अनामिका कुमार, श्रीमती माधुरी पारखी, श्रीमती अनुराधा पाल, श्रीमती देवकी देवी, श्रीमती अनीता मंडल, श्रीमती अनिमा विनायक उपस्थित रहे।





## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**प्रतापपुर।** सूर्यवंशी महासभा के बैनर तले ब्लॉक स्तरीय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती का आयोजन किया गया। संभागीय अध्यक्ष कुमार रवि के नेतृत्व में 40 किमी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कोटेया के सरपंच मुन्नी आयाम द्वारा बाबा साहब के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित की। शोभायात्रा गौरा, धरमपुर चौक, गणेशपुर होते हुए प्रतापपुर सांस्कृतिक भवन पहुंची। सांस्कृतिक भवन से शोभायात्रा रैली निकल कर कालेज चौक, कदमपारा चौक, राजघराना चौक, थाना चौक से होते हुए, तहसील कार्यालय तक पहुंची। सभा में बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के बारे में संवैधानिक अधिकारों पर चर्चा किया गया। इस अवशर पर रविदास सूर्यवंशी प्रदेश प्रवक्ता सूर्यवंशी महासभा द्वारा बहुजन जन जागृत गीत सुनाकर बहुजन महापुरुषों के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला। रघुनाथ मरकाम अधिवक्ता ने संविधान को पढ़ने की बात कही जिससे हमें अपना अधिकार मिल सके। अशोक कुमार सोनवनी ने भी बाबा साहब के अनेक लिखी हुई साहित्य के बारे में अवगत कराया। इस दौरान मुन्नलाल सोलंकी, मोतीलाल पैकरा, अशोक कुमार कनोंजिया, कौशल प्रसाद चंद्रा, विजय कुर्रे, रामपति राम, रामदास राजवाड़े, उदय मरावी, प्रवीण सोनवानी, अनूप कुमार रवि, उदय शंकर रवि सहित अन्य उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रिक ऑटो की स्टेप्नी चोरी के प्रयास में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** इलेक्ट्रिक ऑटो की स्टेप्नी चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बाबूपारा जेल रोड निवासी मनोज कुमार सिंह 14 अप्रैल को अपनी इलेक्ट्रिक ऑटो को घर के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया था। इस दौरान युवक की पत्नी ने सीसीटीवी में देखकर बताया कि ऑटो में कोई अज्ञात युवक घुसा हुआ है। ऐसे में जब मनोज सिंह बाहर निकला तो युवक ऑटो से स्टेप्नी चोरी कर भागने लगा। ऐसे में युवक ने आस पास के लोगों की मदद से पकड़कर डायल 112 को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जब युवक से पूछताछ की गई तो उसकी पहचान गांधीनगर मुक्तिपारा निवासी 33 वर्षीय सुमित एक्का के रूप में की गई। पुलिस ने युवक को धारा 379, 511 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक रजनीकान्त मिश्रा, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, अमित राजवाड़े सक्रिय रहे।

**न्यायालय तहसीलदार सीतापुर, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़)**

राजस्व प्रकरण-202401020900020/अ- 27/2023-24
ग्राम देवगढ़

**ईस्तहार (उद्घोषणा)/आम सूचना**

नाम:-सुशील कुमार आ. बैजनाथ, जाति कुम्हार, सा. देवगढ़, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा छ.ग.
----आवेदक

प्रति

1. तारकेश्वर आ. चमरू,
4. प्रियंका आ. चमरू,
5. प्रशांति आ. चमरू,
10. सम्पतिया आ. शोभनाथ,

सा. देवगढ़, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा छ.ग.
----अनावेदकगण

इस ईश्तहार/आमसूचना के मार्फत उपरोक्त अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक सुशील कुमार आ. बैजनाथ, जाति कुम्हार, सा. देवगढ़, तहसील सीतापुर, जिला-सरगुजा, छ.ग. के द्वारा उनके एवं अना. के नाम से ग्राम देवगढ़ में स्थित भूमि कुल ख.न. 23 कुल रकबा 6.618 हे. भूमि को उभयपक्ष के मध्य 1/2 हिस्सा में बंटवारा करने हेतु धारा 178 छ.ग. भू-राजस्व संहिता के तहत् बी-1 एवं मयदस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में आप समस्त अना. दिनांक 26/04/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर या अधिवक्ता के मार्फत लिखित में अपना पक्ष रख सकते हैं/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त आक्षेपों पर सुनवाई हेतु विचार नहीं किया जावेगा। तथा आपके विरूद्ध में एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**सीतापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भैयाथान**

रा.प्र.क्रं. ब- 121/2017-18

**// ईश्तहार //**

आम जनता ग्राम बतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश मानिकपुरी आ. स्व. चमरू राम जाति पनिका निवासी ग्राम बतरा तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर द्वारा अपने पिता चमरू राम का मृत्यु दिनांक 10.2.2006 को होने पर आवेदक द्वारा अपने पिता का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत शुल्क अदा कर चालान की प्रति, शपथ-पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 15 दिवस तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी ।

आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**भटगांव**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**










TOP IN SURGUJA

























**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**

भारत सरकार, राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम:
क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, द्वितीय तल, कुसुमतारा काम्पलेक्स, न्यु महामाया रोड जिला सरगुजा, छ0ग0,
Telephone: 6232033095, 7067699572, Emall-adv.ro.amb@cgbank.in

**वाहन नीलामी सूचना**

बैंक द्वारा जब्त किए गये निम्नलिखित वाहन की नीलामी "जंहा है जैसा है जो भी है" के आधार पर दर्शायी गयी तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. | सम्बंधित शाखा का नाम | ऋणी का नाम पता | वाहन का नाम / जानकारी | वाहन का पंजीयन क्रमांक | प्रारक्षित मूल्य रु. | धरोहर राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबिकापुर | श्री लव दुबे पिता गंगा राम, बिजली ऑफिस के पास, राजेन्द्र नगर, गांधीनगर अम्बिकापुर, तहसील - अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा | HYUNDAI, GRAND I- 10 NIOS1.2 MODEL 2020 | CG15DR 8221 | 283500 | 28350 |
| 2 | रामानुजगंज | श्री श्याम लाल सरोता पिता शिवभजन, ग्राम सलवाही तहसील - रामानुजगंज जिला बलरामपुर. | MARUTI SUZUKI S- PRESSO VXI+ MODEL 2020 | JH01EB 6956 | 186300 | 18630 |

**नीलामी स्थल: छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक,क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर. पता- द्वितीय तल, कुसुमतारा, न्यु महामाया रोड, अम्बिकापुर छ.ग. 497001 नीलामी तिथि : दिनांक 25.04.2024 समय प्रात: 11 बजे।**

1. यह की इस नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में धरोहर / अमानत राशि का भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के पास दिनांक 24/04/24 साय 5.30 बजे तक जमा करना होगा| 2. आवेदन में शाखा का नाम, वाहन क्र., स्पष्ट रूप से लिखकर बोली राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वयं के पहचान पत्र की फोटो कापी सहित. वाहन धरोहर राशि, आदेश/ मांग ड्राफ्ट का विवरण आवश्यक रूप से देना होगा | 4. सफल बोली लगाने वाले को विक्रय मूल्य की 25% राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में नगद / भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट द्वारा तुरंत ( 24 घंटे के अन्दर) जमा करना होगा, पूर्व में जमा की गयी राशि को इसमें समायोजित किया जायेगा एवं शेष 75% राशि नीलामी विक्रय की पुष्टि से 15 दिन अथवा उसके पूर्व जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उक्त 25राशि जप्त कर ली जाएगी, एवं उक्त वाहन की पुन: नीलामी की जावेगी। 5. नियम एवं शर्तों के अधीन पूर्ण रूपेण सही एवं सर्वाधिक बोली पाय जाने वाली सीलबंद निविदा को सफल घोषित किया जायेगा। अन्य व्यक्तियों के भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट नीलामी के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा। निविदा/नीलामी को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त कार्य हेतु गठित कमिटी का होगा|6. बिक्री प्रमाण पत्र पूरे निविदा मूल्य एवं अन्य खर्चो के जमा करने पश्चात ही सुपुर्द किये जावेंगे। 7. इस विज्ञापन के माध्यम से ऋणी को नीलामी की सूचना दी जा रही है।

दिनांक: 16.04.2024 प्राधिकृत अधिकारी

16 Ambikapur-bhoomi pg 3 FULL PAGE_Layout 1 4/16/2024 9:24 PM Page 1























## खबर संक्षेप



### विधायक ने ग्रामीणों से रूबरू होकर सुनी समस्याएं

**बतौली/सेदम।** विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सूनी। विधायक रामकुमार टोप्पो बतौली मंडल के ग्राम बेल्कोटा, चिरगा, माजा, लगरू, मुंडापारा नगेसिया पारा में लोगों की समस्याओं को सुनी और समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया।

### डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में रामनवमी के अवसर पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



**राजपुर।** मंगलवार को पतरातु स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में नवरात्रि व रामनवमी के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने देवी दुर्गा के नौ अवतारों पर आधारित झांकी व नृत्य से विद्यालय का वातावरण भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने बच्चों को नवरात्रि व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हमें अपने अंदर की नकारात्मकताओं को दूर करके सकरात्मकताओं को जगह देने की आवश्यकता है। यह त्यौहार हमें यह सबक देता है कि बुराई चाहे कितनी भी मजबूत और शक्तिशाली क्यों न हो वह हमेशा अच्छाई से हार जाती है।

### समर कैंप में बच्चों को दी जा रही भाषा व गणित की जानकारी



**अम्बिकापुर।** एससीईआरटी रायपुर के दिशा निर्देश एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दीपेश पांडे के मार्गदर्शन में एफएलएन के तहत बच्चों के शैक्षणिक स्तर का सामाजिक अंकेक्षण करने के पश्चात भाषा तथा गणित में पीछे रहे गए बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण पर आधारित छलांग कार्यक्रम के तहत एफएलएन की दक्षता में निपुण करने के उद्देश्य को लेकर समर कैंप का आयोजन किया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए गृह कार्य देते हुए बच्चों को एफएलएन में निपुण करने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन 15 अप्रैल से आगामी पांच दिनों तक आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें संकुल संमन्वक राम जतन यादव, प्राथमिक शाला बालक लटोरी, प्राथमिक शाला कन्या लटोरी, प्राथमिक शाला घूमका पारा, प्राथमिक शाला दादरपारा की शिक्षिकाएं एवं बच्चे भाग ले रहे हैं।

### पोड़ीकला संकुल में शिक्षक व बच्चों को समर कैंप के तहत दिया गया प्रशिक्षण



**अंबिकापुर।** पोड़ी कला संकुल में शिक्षकों एवं बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक जालंधर कैवर्त, प्रधान पाठक गोपाल सिंह यादव एवं निरंजन विश्वास के उपस्थिति में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप में मास्टर ट्रेनर सुजीत कुमार एवं पोड़ीकला संकुल की मास्टर ट्रेनर वर्षा पटेल द्वारा शिक्षकों एवं बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से सृजनात्मक एवं नेतृत्व क्षमता के विकास तथा गणित एवं भाषा विषय में दक्षता बढ़ाने हेतु क्लास रूम से बाहर अलग-अलग दिन विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से अवगत कराया गया। कैंप में बच्चों को मिट्टी,पत्तों, समाचार पत्र से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां एवं चित्रकारी, पेंटिंग के माध्यम से कार्य करना सिखाया गया। इस दौरान विनीता सिंह, अशोक कुमार, द्वारिका पात्रे, उषा किरण, पतलून राम, हरि साय तिग्गा, सिलमनी एक्का, दिव्या कुमुदनी, पुनिता टोप्पो, प्रियंका पंडो, नीलिमा केरकेट्टा, अजेश्वर तिग्गा, लाल चंद टोप्पो आदि मौजूद थे।

## 6 जिलों के मिलर कर रहे धीमी गति से उठाव

# 119 उपार्जन केन्द्रों में अभी भी खुले आसमान के नीचे 5 लाख 75 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी बंद हुए ढाई महीने गुजर गए हैं लेकिन अभी तक विपणन संघ समितियों में खुल असामान के नीचे पड़े संपूर्ण धार का उठाव नहीं कर सका है। अभी भी एकीकृत सरगुजा के विभिन्न जिलों में 5 लाख 75 हजार 197 क्विंटल से अधिक धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। विलम्ब से धान का उठाव करने से अब हर बोरे के वजन में कमी आ रही है जिसके कारण विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

**खास बात**
- महीनों बाद उठाव करने से वजन में आ रही कमी

शासन के निर्देश पर इस बार सहकारी समितियों द्वारा बम्पर धान की खरीदी की गई है लेकिन समय पर उठाव नहीं होने के कारण समिति प्रबंधकों को अब धान की मात्रा में कमी आने का भय सता रहा है। प्रारम्भ में विपणन संघ द्वारा स्थानीय मिलरों से धान का उठाव कराया गया। धान खरीदी बंद होने के 2 महीने बाद तक मिलर धान का उठाव करते रहे। अब धान के स्थानीय गोदाम फुल होने कके बाद दूसरे जिलों के मिलरों से शेष धान का उठाव कराया जा रहा है। अधिकारी मिलरों को डिलीवरी आर्डर जारी कर देने का दावा कर रहे हैं लेकिन अभी भी उठाव में तेजी नहीं आई है। हालत यह है कि सरगुजा की 54 में से 52 उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 44 हजार 185 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। बलरामपुर-रामानुजगंज में 49 उपार्जन केन्द्रों में से 48 केन्द्रों में 3 लाख 9 हजार 717 क्विंटल धान, कोरिया के 54 में से 50 केन्द्रों में 2 लाख 21 हजार 274 क्विंटल धान शेष बचा है। सूरजपुर की एक समिति में मात्र 18.80 क्विंटल धान बचा है जबकि मनेन्द्रगढ़ की समितियों से संपूर्ण धान का उठाव कर लिया गया है। पिछले एक पखवाड़े से सरगुजा के उपार्जन केन्द्रों का धान जांजगीर एवं सरगुजा तथा बलरामपुर का धान रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं बलरामपुर के मिलरों से उठाव कराने डीओ जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि मिलरों द्वारा जमा किए गए चावल की आपूर्ति राशन दुकानों में की जाती है। अन्य राज्यों की राशन दुकानों की जरूरतें पूरी करने मिलर एफसीआई को चावल की आपूर्ति करते हैं। आवश्यकता के अनुरूप पूर्व में दोनों संस्थानों के गोदाम फुल होने के कारण चावल जमा करने में मिलरों को परेशानी हो रही थी। शासन द्वारा अन्य जिलों के मिलरों द्वारा धान का उठाव करने संबंधी विलम्ब से होने के कारण उठाव में देर हुई है। अब एफसीआई द्वारा रेक के माध्यम से जमा चावल को दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। दूसरे जिलों के मिलर डीओ के अनुसार धान का उठाव कर रहे हैं लेकिन किस गति से धान का उठाव किया जा रहा है अभी भी संपूर्ण धान के उठाव में लम्बा समय लगने की संभावना है। इधर आए दिन बूंदाबादी एवं बेमौसम वर्षा होने के कारण धान के खराब होने का भी भय समिति प्रबंधकों को सता रहा है।



समिति पेटला में तहसीलदार साहब द्वारा धान खरीदी का निरीक्षण करते हुए।

### बन रही विवाद की स्थिति

आए दिन बूंदाबादी के साथ ही लम्बे समय तक 38 डिग्री तापमान में खुले आसमान के नीचे धान के पड़े रहने के कारण अब वजन में 2 किलो तक की कमी आ रही है। मिलर समिति प्रबंधकों को कम धान की भरपाई करने अन्यथा शेष बचे धान का उठाव नहीं करने की धमकी दे रहे हैं जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि उन्होंने शासन के निर्देशानुसार खरीदी की है तथा 50 किलो से अधिक धान की बोरी पैक की है। रखे-रखे धान सूख गया तो इसमें उनका क्या दोष है और वे कहां से क्षति की भरपाई करेंगे। इसका खुलासा होने के बाद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ ने समिति प्रबंधकों को मिलरों की गिदड़भभकी में नहीं आने एवं अतिरिक्त धान की पूर्ति नहीं करने एवं स्थिति से प्रशासन को अवगत कराने का अश्वासन दिया है।

#### 5 हजार क्विंटल धान का उठाव तय नहीं

जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि सरगुजा के 54 उपार्जन केन्द्रों में शेष बचे धान में से 5 हजार क्विंटल को छोड़कर अन्य धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। सरगुजा एवं जांजगीर के मिलरों ने धान का उठाव शुरू भी कर दिया है। एक सप्ताह में शेष बचे धान का उठाव कर लिया जाएगा। 5 हजार क्विंटल धान के उठाव का निर्णय भी एक-दो दिन में हो जाएगा।

#### चल रहा उठाव

रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं बलरामपुर के मिलरों द्वारा शेष बचे धान का उठाव किया जा रहा है। एक सप्ताह में 1.5 लाख क्विंटल धान का उठाव करा लिया जाएगा। संपूर्ण धान के शीघ्र उठाव का प्रयास चल रहा है।

-सतीश नामवारे
डीएमओ, बलरामपुर

#### किया जाएगा सत्यापन

धान में शर्टेज आने की स्थिति से प्रशासन को अवगत कराा गया है। प्रशासन द्वारा गठित टीम के समक्ष समितियों में पड़े ऊपर, मध्य एवं नीचे के स्टेक के धान के वजन का सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है। वजन में कमी आने की समस्या का निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

-सुनील वर्मा
सीईओ, जिला सहकारी बैंक



## चैत्र नवरात्र महा अष्टमी के दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के दिन जिले के प्रमुख आस्था के केंद्रों मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी माई मंदिर में पट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन पूजा अर्चना के लिए लग गई। इस दौरान पहाड़ी मंदिर समिति द्वारा महाअष्टमी के दिन पहाड़ी मंदिर में कन्या पूजन एवं महा भंडारे का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन से ही मां महामाया मंदिर में एवं पहाड़ी माई मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब पूजा अर्चना के लिए उमड़ रहा है। स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा आस पास के दर्जनों गांव के लोग सहित पड़ोसी राज्य झारखंड से भी श्रद्धालु मां महामाया मंदिर और पहाड़ी माई मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। सप्तमी से भीड़ में भारी वृद्धि हो गई और पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग रही है जो दोपहर तक बनी रह रही है। पहाड़ी माई मंदिर में एवं मां महामाया मंदिर में अखंड दीप भी जलाए गए हैं। पहाड़ी मंदिर समिति के प्रमुख सुभाष जायसवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में महा अष्टमी के दिन महा भंडारे का आयोजन किया गया जहां हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। रमन अग्रवाल ने बताया विगत कई वर्षों से महा अष्टमी के दिन पहाड़ी मंदिर समिति के द्वारा महा भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। पहाड़ी मंदिर एवं मां महामाया मंदिर की विशेष सजावट श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी माई मंदिर में विशेष लाइटिंग एवं विशेष सजावट की गई है। रात में पहाड़ी माई मंदिर की भव्यता लाइटिंग के कारण देखते बनती है।

## कोल घोटाले की जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पांचवें दिन मुख्यालय लौटी

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर भूमिगत खदान परियोजना में करीब दो वर्ष पूर्व जुलाई 2022 में सामने आए दो करोड़ से अधिक के कोयला घोटाला की जांच मामले में तीसरी बार बिश्रामपुर पहुंची दो सदस्यीय सीबीआई रायपुर की टीम पांचवे दिवस दस्तावेजों की जांच व सम्बंधित अधिकारियों के बयान दर्ज करने के बाद वापस मुख्यालय लौट गई है। गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व एक गोपनीय शिकायत पर कंपनी की विजलेंस टीम ने रेहर खदान के कोल स्टॉक की जांच की थी, जांच में 2700 टन कोयला कम पाए जाने के बाद अलग अलग टीम द्वारा कोल स्टॉक का अलग अलग चरणों में नाप जोख कराया गया था, इसमें गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद विजलेंस की टीम खदान के दस्तावेजों को जप्त कर अपने साथ ले गई थी।विजलेंस टीम के द्वारा भी खदान में कई बार दबिश देकर अधिकारियों को मुख्यालय तलब कर पूछताछ की गई, विजलेंस द्वारा उक्त मामले में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं करते हुए केवल कोल अधिकारियों का दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरण कर मामले को लंबित रखा।इधर शिकायतकर्ता द्वारा मामले की शिकायत सीबीआई से करते हुए नए सिरे से जांच कराने की मांग किए जाने के बाद सीबीआई द्वारा पिछले दिनों अचानक बिश्रामपुर पहुँचकर मामले की जांच शुरू की गई,अब आरोपी कोल अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, सम्बंधित अधिकारी अपने ऊपर एफआईआर होने की संभावना से चिंतित बताये गये हैं।

- इस वर्ष अब तक तीन बार जांच में पहुंच चुकी है दो सदस्यीय टीम

#### 3 बार बिश्रामपुर पहुंच चुकी है सीबीआई टीम

सीबीआई की टीम इस वर्ष छह जनवरी को पहली बार यहां जांच में पहुंची थी जिसमें दो दिन जांच के बाद लौट गई।टीम दुसरी बार 18 फरवरी को यहां फिर पहुंची और 22 दिनों तक ट्रांजिट हाउस में रुककर सबूतों को एकत्र करती रही और इस दौरान पिछले दो वर्ष से अक्टूबर माह तक के खदान का कोल प्रोडक्शन व डिस्पैच के फाइलों से करीब चार हजार से अधिक पेपर की छाया प्रति कराकर अपने साथ ले गई, अब तीसरी बार गत 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक सीबीआई की टीम ने यहां कैम्प कर रविवार को लौट गई है।

#### पूर्व में प्रबंधन द्वारा आरोपी कोल अधिकारियों के कारनामों पर डाला पर्दा

बताया गया कि दो वर्ष पूर्व जब दो करोड़ का घोटाला सामने आया तब एस ई सी एल प्रबंधन द्वारा खदान के तत्कालीन मैनेजर सहित तत्कालीन महाप्रबंधक संचालन, सर्वेयर सहित क्षेत्रीय सर्वेक्षण अधिकारी का दूसरी क्षेत्र में तत्काल तबादला करते हुए मामले को दबाने का प्रयास किया गया।कोल अधिकारियों के तबादले के बाद मामला कुछ समय के लिए शांत भी हो गया।दो वर्ष तक जांच के नाम पर मामला लटकाने व लीपापोती करने के आरोपों के बीच सीबीआई की एंट्री ने सम्बंधित आरोपी कोल अधिकारियों की धड़कनें तेज कर दी है।प्राप्त जानकारी अनुसार कोल घोटाले के सूत्रधार तत्कालीन खदान मैनेजर व तत्कालीन सब एरिया मैनेजर के खिलाफ सीबीआई को उक्त घोटाले के पुख्ता सबूत मिले हैं।उक्त मामला प्रकाश में आने के बाद कोल स्टॉक में भारी मात्रा में सेल को क्रश कर काली मिट्टी मिलाने और खदान की रोजाना उत्पादन रिपोर्ट को अंडर रिपोर्ट बताने के सबूत सीबीआई टीम को मिलने की जानकारी लगी है।

### स्कूल का ताला तोड़ चोरों ने पार किया सामान

**अम्बिकापुर।** काराबेल हाई स्कूल का ताला तोड़ चोरों ने कमरे में रखे लगभग 25 हजार कीमत का सामान चोरी कर ले गए। प्राचार्य ने घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार काराबेल शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य शीला एक्का पति बैजू तिर्की ने सीतापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार की सुबह स्कूल स्टाफ स्कूल पहुंचे तो देखा विद्यालय में चोरी हो गया है। चोरों ने छत के ऊपर का दरवाजा का ताला तोड़ सीढ़ी के माध्यम से नीचे उतरे और समस्त वायरिंग को तोड़कर वायर के अलावा पंखा, घड़ी एवं अलमारी में रखे बायोमेट्रिक मशीन, हार्ड डिस्क व खेल सामग्री सहित लगभग 25 हजार कीमत के अन्य सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



## बच्चों ने धारण किया मां दुर्गा और काली का रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला जयनगर और शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ ने संयुक्त रूप से प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा और प्रधान पाठक गौतम शर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चों द्वारा मतदान संबंधित नारा लगाते हुए विद्यालय से गांव में होते हुए केनापारा की विख्यात मां कालरात्रि और समलाई मंदिर पहुंचे। यहां बच्चे मां दुर्गा और काली का रुप धर श्रद्धालुओं को मतदान हेतु जागरूक करते नजर आए। साथ ही बच्चों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के समक्ष नारे लगाकर और पम्पलेट बांटकर 7 मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील करते हुए उन्हें मतदान के महत्व को बताया। प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य बच्चों को अपने धार्मिक संस्कृति से अवगत कराना व समुदाय से जोड़कर स्वतंत्र अभिव्यक्ति का विकास करते हुए लोगों को 7 मई को होने वाले निर्वाचन में मतदान हेतु जागरूक करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक विनिता सिंह, शिक्षक सीमा सोनी, रीता देवी, गरिमा श्रीवास व लौकेश कुमार साहू का सक्रिय रहे।

- लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने किया आह्वान

## रामनवमी के अवसर पर कल निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

**राजपुर।** रामनवमी के अवसर पर 18 अप्रैल को भगवान राम लक्ष्मण, सीता व हनुमान की जीवंत झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को लेकर आयोजन समिति द्वारा आज महामाया मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शोभायात्रा के रूट चार्ट और शोभायात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं, बच्चों व पुरुषों के लिए जगह जगह जलपान की व्यवस्था, शोभायात्रा में खर्च होने वाले आवश्यक धनराशि की व्यवस्था हेतु आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में रामजानकी शोभायात्रा को भव्य बनाने हेतु श्रीराम सेवा समिति का गठन किया गया जिसमें नगर वासियों के सर्व सम्मति से विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल को अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही संरक्षक के रूप में धनसी राम अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, शिवनाथ यादव, विनोद अग्रवाल, जयगोपाल अग्रवाल, राजकुमार सोनी, धरम सिंह एवं उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, राजेश वर्मा, अनिल दुबे एवं नरेश अग्रवाल(लीलू) एवं अनिल गुप्ता के नाम पर सहमति जताई गई। समिति का सचिव रिंकू अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता को बनाया गया है। शोभायात्रा के दौरान नगर को भगवा रूप देने युवा मंच को लगाया गया है जो नगर में झंडे लगाने सहित अन्य कार्यों को सम्पन्न करेंगे। रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा 18 अप्रैल को मां महामाया मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के महुआपारा बुढाबग़ीचा होते हुए नवकी मोड तक जाएगी एवं पुनः माँ महामाया मंदिर प्रांगण में जाकर समाप्त की जाएगी।

- बैठक में किया गया श्रीराम सेवा समिति का गठन



हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## स्वास्थ्य शिविर में सौ से अधिक ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**अम्बिकापुर।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन ग्राम घाटबर्रा में किया गया। बहुस्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में फतेहपुर और तारा के लोगों के अलावा 110 ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में उपस्थित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित पवार, जनरल फिजिशियन एमडी डॉ. इम्तियाज अली, आर्थोपेडिक शल्य चिकित्सक डॉ. बी राकेश, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बीवी शरण्या, अदाणी इन्टरप्राइसेस के चिकित्सक डॉ. दीपक कुमार पंगले और डॉ. चंद्र नाथ डे सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने शिविर में ग्रामीणों की निःशुल्क जांच की। साथ ही चिकित्सकों के परामर्श के पश्चात आवश्यक दवाईयां भी वितरित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जांच कर गंभीर बीमारियों का समय रहते उपचार कराना था। ग्राम घाटबर्रा के सरपंच जयनंदन सिंह पोर्ते, ग्राम प्रतिनिधि काशी प्रसाद यादव, बानस आर्मो, पूर्व प्रधान पाठक रामविलास यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने शिविर में स्वास्थ्य संबधित परामर्श और दवाईयाँ प्राप्त की। इस मौके पर अदाणी फाउंडेशन के सौरभ सिंह और एईएल के अमित रॉय सहित अन्य उपस्थित थे।









तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
HOSPITAL Caring for You
TEJ Tej Diagnostic Group (A unit of MRMH Pvt. Ltd.)
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. मोहित गुप्ता MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ | डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश |
| डॉ. पूजा MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली ), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ | डॉ. आशीष कुमार जायसवाल एम.डी. फिजीशियन |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. मनोज भारती MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ | सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ |
| डॉ. सुरभि BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ | डॉ. हिमांशु गुप्ता MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. विकास गुप्ता MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ | डॉ. जी के दामले MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट | फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी |

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध